### एक नजर में

#### दुर्गा प्रसाद जाट का निधन



**पड़ाना 31 दिसम्बर, सं.** नगर के माली मोहल्ले में निवासरत दुर्गा प्रसाद जाट का बुधवार सुबह 5.30 बजे अचानक हृदय घात के चलते 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. जिनकी शव यात्रा उनके निज निवास से 1 बजे प्रारंभ करते हुए बाईपास स्थित मुक्तिधाम ले जाया गया. इस दौरान सब यात्रा में नगर सहित रामपुरियाखेड़ा, डिंगलपुर, तुकोगंज, उड़नखेड़ी, मऊ, सहित अन्य ग्रामीण व शहरी अंचल के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके पुत्र शेखर जाट, संजय जाट, छोटे अनुज बाबूलाल जाट सहित परिवार जनों ने मुखाग्नि दी.

#### द्वितीय पैदल अरदास निशान पद यात्रा

**खिलचीपुर 31 दिसम्बर, सं.** श्री खाटू श्याम धाम मंदिर निर्माण समिति खिलचीपुर के तत्वाधान में द्वितीय पेदल अरदास निशान पद यात्रा प्रेम नगर खिलचीपुर से खुजनेर (मालवा के खाटू धाम) में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ 01 जनवरी को श्री प्राचीन लाल दास जी मंदिर भोजपुर नाका खिलचीपुर से प्रात: 8 बजे प्रारंभ होगी. सभी धर्म प्रेमी भक्त जन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा को सफल बनाने की अपील आयोजन समिति ने की है.

#### योजना द्वारा 265 गांव में पहुंचा नलों में पानी



**जीरापुर 31 दिसम्बर, सं.** जल निगम अंतर्गत कुंडालिया पेयजल समूह योजना द्वारा ग्रामीण अंचल में नलों में पानी पहुंचाया गया. कुंडालिया पेयजल समूह योजना के लगभग 265 गांवों में प्रतिदिन नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के संकट से जुझना नहीं पड़ेगा. जल निगम अधिकारी यू.के. चौधरी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा ने बताया कि गांव-गांव में नलों पर टोटियां लगाई जा चुकी हैं और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है. योजना के अंतर्गत राजस्थान बॉर्डर के पास करकरी पंचायत, मुकुंदपुरा, हरिपुरा, गढ़गच, बावड़ीखेड़ा, भोजपुर, सेमली कला, सेमला पंचायत, गोघटपुर, चेनपुरिया, पिपल्या कुल्मी सहित अनेक गांवों में पानी पहुंच चुका है.

#### डीसीसी चैंपियन लीग क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ

**पड़ाना 31 दिसम्बर, सं.** बुधवार नगर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने डीसीसी के तत्वाधान में 5 दिवसीय चैंपियंस लीग 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ. उक्त टूर्नामेंट में नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल व शहरी अंचलों की धड़कन क्रिकेट क्लब पड़ाना, सांवरिया प्रॉपर्टीज, खेड़ी सुपर जॉइंट्स, लकी लायन्स पचोर, एन्जॉय क्लब सारंगपुर, लक्की 11 सारंगपुर, भाग्योदय वॉरियर्स पड़ाना डीसीसी पड़ाना सहित कुल 8 टीमों ने भाग लिया. खिलाड़ी व दर्शकों द्वारा राष्ट्रगान के बाद क्रिकेट क्लब वारियर्स एवं सांवरिया प्रॉपर्टी के बीच पहला मुकाबला हुआ. धड़कन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाए. जवाब में सांवरिया प्रॉपर्टी ने यह मुकाबला चार बाल शेष रहते जीत लिया. खेडी सुपर जाईट और धड़कन क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए दूसरे मुकाबले में खेड़ी सुपर जॉइंट ने 75 रन बनाए. जवाब में धड़कन क्रिकेट क्लब ने स्कोर आसानी से चेस कर लिया. तीसरा मुकाबला लकी लाइंस पचोर एवं खेड़ी सुपर जॉइंट्स के बीच खेला गया जिसमें लकी लाइंस ने 90 रन का स्कोर खड़ा किया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी खेडी सुपर जॉइंट्स 85 रन पर सिमट गई. चौथा मुकाबला लकी लाइंस पचोर एवं सांवरिया प्रॉपर्टी के बीच खेला गया.

# विद्युत का करोड़ों बकाया जमा

## 31 दिसम्बर को समाप्त हुआ पहला चरण, शत प्रतिशत सरचार्ज में मिली छूट

**विद्युत वितरण कंपनी के लिए फायदेमंद साबित हो रही समाधान योजना**

**जिले में 13 करोड़ से अधिक की बकाया राशि हुई जमा**



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 31 दिसम्बर, का.** शासन द्वारा लागू की गई समाधान योजना विद्युत विभाग के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई है, समाधान योजना के तहत बड़े बकायादारों को सरचार्ज में छूट देते हुए अपनी बकाया राशि जमा करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है, योजना का प्रथम चरण 31 दिसम्बर को समाप्त हो गया जिसमें कई बकायादारों ने इस योजना का लाभ लेते हुए विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर बकाया राशि जमा की. प्रथम चरण में जिले भर में 13 करोड़ से अधिक की बकाया राशि विद्युत विभाग के खाते में जमा हो चुकी है.

विदित है कि समाधान योजनांतर्गत पहले चरण में बकायादार बिजली उपभोक्ताओं को बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में शत प्रतिशत छूट दी गई जो काफी फायदेमंद साबित हुई, 1 नवम्बर से शुरु होकर योजना का प्रथम चरण 31 दिसम्बर को समाप्त हुआ.

### दूसरे चरण में मिलेगा 80 प्रतिशत की छूट

समाधान योजना का दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी तक होगा किंतु इसमें सरचार्ज में शत प्रतिशत की छूट नहीं होकर 80 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा. इस योजना के माध्यम से शासन का उद्देश्य आम उपभाक्ताओं, किसानों एवं छोटे-छोटे उद्योगों का संचालन करने वाले ऐसे उपभोक्ता जिनका बकाया चला आ रहा है उनको राहत पहुंचाना है.

#### 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने लिया लाभ

विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार योजना के दायरे में 3 लाख 15 हजार उपभोक्ता आ रहे है, जिनमें से प्रथम चरण में 30 दिसम्बर तक 20 हजार 198 उपभोक्ताओं ने इसका लाभ लेते हुए बकाया राशि जमा की. जिसमें विद्युत विभाग को 13 करोड़ 11 लाख रुपये की राशि विभाग के खाते में जमा हुई है.

#### 4 करोड़ 40 लाख का सरचार्ज हुआ माफ

शासन की यह महत्ती योजना उपभोक्ताओं एवं विभाग के लिए काफी फायदेमंद साबित हुई है. जहां लम्बे समय से चली आ रही बकाया राशि विभाग के खाते में जमा हुई है वहीं उपभोक्ताओं को भी सरचार्ज में छूट का लाभ मिला है. प्रथम चरण में 4 करोड़ 40 लाख का सरचार्ज माफ हुआ है.

### सारंगपुर नगर में 12 जनवरी को आयोजित होगा मेला

**राजगढ़/सारंगपुर 31 दिसम्बर, सं.** जिले के सारंगपुर नगर में 12 जनवरी को आयोजित होने वाला युवा संगम रोजगार मेला निश्चित रुप से युवाओं के लिए रोजगार और कौशल का बड़ा मंच साबित होगा. युवाओं को रोज़गार, कौशल प्रशिक्षण और करियर के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 12 जनवरी को सारंगपुर स्थित मंडी प्रांगण में किया जाएगा. मेले में एक ही मंच पर नौकरी, प्रशिक्षण और करियर मार्गदर्शन के बेहतरीन अवसर युवाओं को मिल सकेंगे.

#### विशेषज्ञ करेंगे मार्गदर्शन

प्रदेश के प्रत्येक जिले में 'युवा संगम' के माध्यम से युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान किए जा रहे है. मेले में निजी एवं सरकारी क्षेत्रों की भागीदारी के साथ विभिन्न कंपनियां, प्रशिक्षण संस्थान और काउंसलिंग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराएंगे.

# राशन की दुकानें समय पर खुले

खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 31 दिसम्बर, का. सभी राशन गोदाम सुबह 10 बजे खुले, कोई भी आयकरदाता हितग्राही को राशन न मिले यह सुनिश्चित किया जाए. एम राशन मित्र पोर्टल से आयकर दाता हितग्राही के नाम हटाए जाएं. कर्मचारी सार्थक ऐप पर उपस्थिति लगाना सुनिश्चित करें. सार्थक ऐप की उपस्थिति के आधार पर ही वेतन भुगतान किया जाएगा.**

उक्त निर्देश कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान दिए. इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी अजीत कुमार भी उपस्थित रहे. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एमडीएम, समूह व शासकीय हॉस्टलों में पहुंचाएं जा रहे हैं राशन की बिंदुवार समीक्षा की. जिले की 25 मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना के अंतर्गत संचालित गाड़ियों के जीपीएस व समय पर राशन पहुंचाने की स्थिति की भी जानकारी ली.

### समय पर राशन नहीं पहुंचने पर भुगतान रोका

जेएसओ सारंगपुर द्वारा बताया गया कि पचोर की एक गाड़ी के समय पर राशन नहीं पहुंचाने व जीपीएस नहीं लगने पर भुगतान रोक दिया गया है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी राशन गोदाम सुबह 10 बजे खुले व कर्मचारी सार्थक ऐप पर उपस्थित लगाना सुनिश्चित करें. कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए की कोई भी आयकरदाता हितग्राही को राशन न मिले यह सुनिश्चित किया जाए.

# पूर्व मण्डी अध्यक्ष ने भाजपा का हाथ थामा

भाजपा की रीति नीति से प्रभावित हुए



**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 31 दिसम्बर, सं. भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष भाजपा का हाथ थाम लिया.**

विधायक हजारीलाल दांगी के निवास पर पूर्व मंडी अध्यक्ष किसान कांग्रेस के पुर्व जिला अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. इस अवसर पर हजारीलाल दांगी के द्वारा माला पहनाकर मिठाई खिलाई तथा स्वागत किया.

जहां पर भाजपा के डॉ रामचरण किरार, हनुमान पाटीदार, रामबाबू मोदी, पार्षद प्रतिनिधी शिवचरण मंडलोई, गोपाल मालवीय, रमेशचंद्र शर्मा, दीपक मालवीय, देवकीनंदन जमींदार, अशोक दुपाडिया, सरपंच बापुलाल दांगी, पवन राठोर माचलपुर, पूरणसिंह गुर्जर, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### सेवानिवृत्त पर सम्मान

**खिलचीपुर 31 दिसम्बर, सं.** कन्या प्रा. वि. सोमवारिया में बतौर प्रधानाध्यापिका पदस्थ कृष्णा दिनेश गुरगेला को बुधवार को सेवानिवृत्त पर राज्य शिक्षक संघ खिलचीपुर के द्वारा दी गई उत्कृष्ट सेवा के लिए स्व निवास पर सम्मान किया गया. इस अवसर पर राजेश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, रफीक खान जिला महामंत्री, दीपक सेन कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष, श्रीमति भावना वर्मा महिला ब्लाक अध्यक्ष महेश पालीवाल नगर अध्यक्ष, सरोज जाटव, नौशाद खान, मनोज श्रीवास्तव, ज्ञानेश मेहरवा, पवन गुरगेला, श्रीमति सना खान, शंकर लाल दांगी, श्रीमति उमा वर्मा, जगदीश वर्मा आदि उपस्थित रहे.

# इंदौर ले जा रहे थे अवैध रुप से वन उपज

मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के अमले ने की कार्यवाई



**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 31 दिसम्बर, सं.** बीत रात्रि को मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के उड़नदस्ते द्वारा ग्राम बेराड़ के जंगल से अवैध रुप से परिवहन कर ले जायी जा रही वन उपज को बरामद किया है.

वन विभाग के अमले ने इमारती लकड़ी एवं आयसर वाहन सहित एक हाईड्रोलिक ट्रेक्टर जप्त किया है. मुखबिर की सूचना पर वन चौकी सुठालिया एवं उड़नदस्ता दल राजगढ़ के द्वारा संयुक्त कार्यवाई की जिसमें लगभग 6 घन बबूल की लकड़ी जप्त की है. वाहन में सवार जाहिद खान एवं रईस खान निवासी बैरसिया से पूछताछ की गई जिसमें उक्त लकड़ी यहां से इंदौर ले जाना बताया जाता है.

उक्त कार्यवाई में देवकरण भिलाला उड़नदस्ता प्रभारी राजगढ़, अर्जुन शर्मा वन चौकी प्रभारी सुठालिया, रणजीत गुर्जर, अर्जुन सिंह मालवीय, आशीष प्रजापति, राजेन्द्र सिंह खींची की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### अब 26 कन्याओं का होगा नि:शुल्क विवाह



**ब्यावरा 31 दिसम्बर, का.** नगर के श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में 30 जनवरी को नि:शुल्क सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन होगा. सम्मेलन की तैयारियां शुरु कर दी गई है. अब सम्मेलन में 21 की जगह 26 कन्याओं का नि:शुल्क विवाह करने का निर्णय लिया गया है.

मंदिर समिति द्वारा आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने बैठक कर व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है. समिति द्वारा 29 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गये थे. प्राप्त आवेदनों की विधिवत जांच-पड़ताल के बाद एकादशी को चयनित सूची सार्वजनिक की गई. प्रारंभ में समिति द्वारा 21 कन्याओं के सामूहिक विवाह का निर्णय लिया गया था, लेकिन श्रद्धालुओं के सहयोग, संसाधनों की उपलब्धता और उत्साह को देखते हुए मंगलवार रात्रि को निर्णय लिया गया कि अब 26 कन्याओं का नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा.

# इण्डियन ओवरसीज बैंक का ब्यावरा में शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 31 दिसम्बर, का.** इण्डियन ओवरसीज़ बैंक की नई शाखा का उद्घाटन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के द्वारा किया गया. इस अवसर पर बैंक के महा प्रबंधक संजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे.

इण्डियन ओवरसीज बैंक की शुरुआत के मौकेपर श्री पंवार ने कहा कि इण्डियन ओवरसीज बैंक की ब्यावरा में नई शाखा



खुलने से यहाँ के नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं में वृद्धि होगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा.

महा प्रबंधक ने कहा कि हमारी नई शाखा यहाँ के व्यवसायियों, किसानों, और आम नागरिकों की वित्तीय जरूरतों जिनमें खाता खोलना, ऋण, क्रेडिट कार्ड, और अन्य वित्तीय उत्पाद शामिल हैं.

कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक आर्तेश्वरम, श्री राहुल सलूजा, दीपक शुक्ला, सुधीर कुमार बुचके, महेश कुमार, श्रीमती योगिता राजपाल आदि उपस्थित रहे. धन्यवाद शाखा प्रबंधक महेंद्र माली द्वारा किया गया.

### कामखेडा बालाजी मंदिर में हुई भजन संध्या

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 31 दिसम्बर, सं.** नगर की धार्मिक संस्था श्री बालाजी भक्त मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष का स्वागत भक्ति और श्रद्धा के साथ किया गया. नववर्ष के अवसर पर राजस्थान स्थित खामखेड़ा श्री बालाजी मंदिर में बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या एवं सुंदरकांड पाठ के आयोजन से नए साल का स्वागत किया गया. बुधवार को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप सादानी, पूर्व सकल पंच फुलमाली समाज अध्यक्ष संतोष पुष्पद महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, बालाजी भक्त मंडल अध्यक्ष संतोष पुष्पद, भक्त मंडल संरक्षक आत्माराम पुष्पद, प्रेम नारायण पुष्पद, कैलाश वर्मा, सुशील व्यास, पार्षद राकेश पुष्पद, अतिथियों ने श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर सुंदरकाण्ड एवं भजन संध्या हुई.

### ध्वज व भूमि पूजन सम्पन्न

**तलेन 31 दिसम्बर, सं.** आगामी 11 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में भूमि पूजन व धर्म ध्वजा यात्रा निकाली जो कि इकलेरा रोड हनुमान मंदिर से शुरु होकर हिन्दू सम्मेलन स्थल मनकामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पहुंची. पुजारी नंद किशोर दुबे द्वारा हिन्दू सम्मेलन का ध्वज पूजन व भूमि पूजन करवाया. अतिथि महंत रामकृष्ण भारती खेड़ापति हनुमान मंदिर, संजय जी रुहेला जिला धर्म जागरण संयोजक जिला ब्यावरा का उद्बोधन प्राप्त हुआ.

# संस्कार एकेडमी में स्पोर्ट्स-डे का भव्य समापन

**पचोर 30 दिसम्बर, सं.** संस्कार एकेडमी में आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स डे का समापन हुआ. इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित बतौर अतिथि मौजूद रहे. बैंड एवं परेड दल द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ अतिथियों का स्वागत किया. इस अवसर पर विद्यालय के म्यूजिक ग्रुप ने सरस्वती वंदना एवं मध्य प्रदेश गान की प्रस्तुति दी.



एकेडमी के अध्यक्ष दीपक गोयल, डायरेक्टर्स दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवलप्रीत एवं रियांशी गोयल ने अतिथियों को पुष्प माला भेंट कर स्वागत किया. डॉ विकास शर्मा ने स्वागत भाषण के साथ विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला. प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. आयोजन में शिक्षक उमेश नागर, अनिल द्विवेदी, राकेश शर्मा, नितिन गोयल, विवेक गुप्ता, महेंद्र शर्मा, राखी नागर, मानसी सिंह हंसराज गुर्जर आदि का विशेष योगदान रहा.

**उद्‍बोधन** छापीहेड़ा में विराट हिंदू सम्मेलन में पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा भारत हिंदू राष्ट्र था, है और रहेगा

# सनातन संस्कृति सबको जोड़ने वाली जीवन पद्धति-पं. मिश्रा

**नवभारत न्यूज**
**छापीहेड़ा 31 दिसम्बर, सं** श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में छापीहेड़ा में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने अपना ओजस्वी उद्बोधन देते हुए कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र था, हिंदू राष्ट्र है और हिंदू राष्ट्र ही रहेगा. उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति किसी से भेद नहीं करती, बल्कि सबको जोड़ने वाली जीवन पद्धति है. वृक्ष, नदी, मंदिर और श्मशान सभी के लिए समान है, यही सनातन की मूल भावना है.

सम्मेलन में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे. विशाल जनसमूह के बीच धर्म, संस्कृति, समरसता और राष्ट्र चेतना का सशक्त संदेश दिया गया. पं. मिश्रा ने पंच परिवर्तन को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार को 15 दिन में एक बार पूरे परिवार के साथ बैठकर भोजन करना चाहिए, आपसी प्रेम और संवाद बढ़ाना चाहिए तथा जात-पात और ऊंच-नीच का भेद मिटाकर समरस समाज का निर्माण करना चाहिए. उन्होंने सप्ताह में एक दिन सामूहिक रूप से एकत्र होने और प्रतिदिन मंदिर दर्शन करने जाने पर जोर दिया.



**जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट हो** – कार्यक्रम में साध्वी रंजना दीदी ने सशक्त संदेश देते हुए कहा कि हिंदू ही सनातन संस्कृति का मूल आधार है. हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा. जहां हिंदू समाज कमजोर हुआ है, वहां उसे उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है. देश तभी आगे बढ़ेगा जब समाज कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ चलेगा.

**प्रदर्शनी और यज्ञ रहे आकर्षण का केन्द्र** – सम्मेलन स्थल पर पंच परिवर्तन, सेवा भारती तथा महापुरुषों के चित्रों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई. श्रद्धालुओं ने पंचकुंडी यज्ञ में समिधा अर्पित कर समरस यज्ञ में सहभागिता की. भव्य कलश यात्रा ने समूचा वातावरण धर्ममय बना दिया.

**एक पखवाड़े तक चले धार्मिक, सामाजिक आयोजन** – हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बीते एक पखवाड़े से नगर में अखंड रामायण पाठ, सुंदरकाण्ड, शोभायात्राएं, स्वच्छता अभियान और धार्मिक कथाओं का आयोजन किया गया. हिन्दू सम्मेलन के दौरान जन सैलाब उमड़ पड़ा. संतों, संघ पदाधिकारियों और कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के संदेशों ने समाज में एकता, समरसता और सनातन जागरण का संकल्प मजबूत किया.

### संघ की शताब्दी यात्रा पर प्रकाश डाला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध ने संघ की संघर्षमय 100 वर्षों की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अनेक बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद संघ निरंतर समाज परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा हुआ है.

# विराट हिन्दू सम्मेलन हेतु भूमि पूजन सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 31 दिसम्बर, का.** आगामी 16 जनवरी को जिला मुख्यालय के स्टेडियम प्रांगण में आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के तहत बुधवार को भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. भूमि पूजन से पूर्व खुजनेर रोड स्थित रुद्राक्ष महादेव मंदिर एवं उद्धव नगर स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर से अलग-अलग कलश यात्राएँ निकाली गईं. दोनों कलश यात्राओं का खिलचीपुर नाके पर समागम हुआ, जिसके पश्चात महिलाएँ सामूहिक रूप से स्टेडियम प्रांगण पहुँची.

स्टेडियम प्रांगण में भगवा ध्वज की स्थापना के साथ हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया.

कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर प्रताप सिंह सिसोदिया ने बताया कि 16 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन में लगभग दस हजार समाजजनों के जुटने की संभावना है, जिसके लिए व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। साथ ही सम्मेलन तक प्रतिदिन कैलेंडर के अनुसार विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन भी किया जा रहा है. कार्यक्रम में धर्मेन्द्र शर्मा, संदीप सोनी, आनंद त्रिपाठी, कार्यक्रम सह-संयोजक तेजेंद्र उपाध्याय, दीपक शर्मा, मनीष जोशी, टोनू, ब्रजमोहन सरावत, प्रवीण मिश्रा, महिला सह-संयोजिका श्रीमती राधा कारपेंटर, चेतराम गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित थी.